आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 06.01.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू–कश्मीर, ओडिशा और तेलंगाना में महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों के लिए आमंत्रित किया।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देश के औद्योगिक विकास और उपभोक्ता अधिकारों के क्षेत्र में भारतीय मानक ब्यूरो के योगदान को महत्वपूर्ण बताया।
- निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में कुल 84 लाख 29 हजार 459 मतदाताओं की अंतिम सूची जारी की।

प्रधानमंत्री लोकार्पण / शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। रेल कनेक्टिविटी के विस्तार पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 30 हजार किलोमीटर से अधिक नई रेल पटरियां बिछाई गई हैं, सैकड़ों रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से ब्रॉड गेज लाइनों के निर्माण से दुर्घटनाएं भी कम हुई हैं और यात्रियों की सुरक्षा भी बढ़ी है। श्री मोदी ने कहा कि मेड इन इंडिया के तहत रेलवे में हो रहे बदलाव से लाखों नए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में लाखों युवाओं को रेलवे में स्थायी सरकारी नौकरी मिली है।

मुख्यमंत्री / प्रधानमंत्री भेंट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों के लिए आमंत्रित किया है। आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से शिष्टाचार भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने श्री मोदी को राज्य में संचालित विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने टनकपुर–बागेश्वर रेल परियोजना की स्वीकृति और परियोजना का पूरा वित्तीय व्यय भार केंद्र सरकार द्वारा किए जाने का अनुरोध किया। साथ ही ऋषिकेश में प्रस्तावित बुनियादी विकास कार्यों के लिए ऋषिकेश के पुराने रेल स्टेशन को बंद करने और सभी ट्रेनों का संचालन ऋषिकेश के नए योग नगरी रेलवे स्टेशन से किए जाने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में जल जीवन मिशन में आवंटित केंद्रीय अंशदान की अवशेष धनराशि जल्द अवमुक्त करने के लिए संबंधित को निर्देशित करने का आग्रह किया। उन्होंने हरिद्वार–ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर और शारदा कॉरिडोर परियोजना के लिए राज्य के सीमित संसाधनों को देखते हुए केंद्र स्तर से संसाधन उपलब्ध कराए जाने का भी अनुरोध किया।

प्रकाश पर्व

प्रदेश में आज श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 358वां प्रकाश पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देहरादून के नुन्नावाला स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेककर देश–प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि के लिए अरदास की। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रेरणादायी जीवन, समर्पण और त्याग हमें सत्य, न्याय, समानता और मानवता की सेवा का मार्ग दिखाता है। उधर, चम्पावत जिले में प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा रीठा साहिब और गुरुद्वारा टनकपुर में झांकी निकली गयी तथा गुरुग्रन्थ साहिब का अखण्ड पाठ किया गया। साथ ही लंगर का आयोजन किया गया।

## निकाय चुनाव बागेश्वर

बागेश्वर में नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। जिले में एक नगर पालिका और दो नगर पंचायतों में निकाय चुनाव होने हैं। आगामी 23 जनवरी को होने वाले मतदान में जिले में 25 हजार 287 मतदाता अपना नेता चुनेंगे। मतदान के लिये कुल 24 मतदान केन्द्र, जबकि 36 मतदेय स्थल बनाये गये हैं। बागेश्वर के जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि निकाय चुनाव की सभी तैयारियां जोरों पर हैं। उन्होंने बताया कि मतदान से जुड़े सभी अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## प्रचार रथ चमोली

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आज गोपेश्वर से 38वें राष्ट्रीय खेलों के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर मस्कट मौली प्रचार वाहन में सवार होकर आगामी 08 जनवरी तक जिले के सभी ब्लॉक, प्रमुख शहर और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को राष्ट्रीय खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा।

## भारतीय मानक ब्यूरो

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देश के औद्योगिक विकास और उपभोक्ता अधिकारों के क्षेत्र में भारतीय मानक ब्यूरो के योगदान को महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी को अपना योगदान देना होगा और मानकों को अपनाना होगा। आज राजभवन में भारतीय मानक ब्यूरो के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि उत्कृष्टता को मानक बनाकर ही देश विकास कर सकता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बारकोड और क्यूआर कोड जैसे विषयों को समझ कर ही आगे बढ़ा जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि देश, अंतर्राष्ट्रीय मानकों की तरफ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बेहतर गुणवत्ता के संदेश को आम जनता तक पहुंचाने का अधिकारियों से अनुरोध किया। कार्यक्रम में भारतीय मानक ब्यूरो, देहरादून शाखा के प्रमुख व निदेशक सौरभ तिवारी ने कहा कि मानक संवर्धन का विशेष ध्यान रखा जा रहा है और प्रदेश के सभी ग्राम पंचायत का संवेदीकरण कार्यक्रम किया जा चुका है। इस अवसर पर मानक संवर्धन को लेकर उल्लेखनीय कार्य करने वालों को राज्यपाल ने सम्मानित भी किया गया।

## मतदाता सूची

निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में कुल 84 लाख 29 हजार 459 मतदाताओं की अंतिम सूची जारी कर दी है। देहरादून में विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम– 2025 को जारी करते हुए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने कहा कि राज्य में 43 लाख 64 हजार 667 पुरुष मतदाता, 40 लाख 64 हजार 488 महिला और 304 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

निर्वाचन आयोग हर साल 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने का अभियान चलाता है। इसके बाद अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाता है।

## निकाय चुनाव पौड़ी

कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने पौड़ी में भाजपा चुनाव संचालन समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर पालिका पौड़ी में भाजपा प्रत्याशी को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और इस बार पार्टी यह चुनाव रिकॉर्ड वोटों से जीतेगी।

उधर, नगर पालिका पौड़ी में अध्यक्ष पद की कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा नेगी ने अपना घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि नगर की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और शहर के समग्र विकास पर कार्य करना कांग्रेस की प्राथमिकता है।

बजट पूर्व सलाहकार बैठक

केन्द्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज नई दिल्ली में हितधारकों और व्यापार संघों के प्रतिनिधियों के साथ आठवीं बजट पूर्व सलाहकार बैठक की अध्यक्षता की। बैठक केन्द्रीय बजट 2025–26 पेश करने से पहले आयोजित की गई।